# स्कूल हॉस्टल में करंट लगने से छात्र की मौत

## प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर आक्रोश





**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में रविवार रात को हॉस्टल में रह रहे कक्षा 12 वीं के छात्र सुमित गुर्जर पिता शरद गुर्जर उम्र 17 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। सुमित ग्राम अमोदा का रहने वाला था।

घटना रात के समय हुई, जब हॉस्टल के कमरे में लगे एक खुले वायर से सुमित को करंट लग गया। करंट लगते ही वह मौके पर बेहोश हो गया, इस घटना को लेकर अन्य छात्रों और कर्मचारियों ने तुरंत स्कूल प्रबंधन और परिजनों को सूचित किया। छात्र को शासकीय सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है की प्रारंभिक जांच में वायरिंग से करेंट लगने की लापरवाही सामने आई है। पुलिस इस घटना की विस्तृत जांच की बात कर रही है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों में स्कूल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहुत आक्रोश देखा जा रहा है। मृतक के परिजन सुमित की इस असमय मौत के कहर से टूट गए हैं। प्रशासन की कार्रवाई का सभी इंतजार कर रहे हैं।

जांच के बाद होगी कार्रवाई गाडरवारा एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने बताया है कि सुमित गूजर की मेमोरियल पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में करंट लगने से मौत हो गई है। सारे तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच में जो भी सामने आएगा, उस हिसाब से आगे कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### दो हफ्ते पहले भी करंट लगने से हुई थी 4 मजदूरों की मौत

स्थानीय श्री पैलेस मैरिज गार्डन में 13 जून को विद्युत करंट लगने से तीन मजदूरों की घटना स्थल पर तथा इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। एक मजदूर घायल हो गया था। इस दर्दनाक हादसे में राजकुमार साहू पिता सुदामा साहू निवासी गाडरवारा उम्र 32 वर्ष, पूरन जाटव पिता डालचंद जाटव निवासी गाडरवारा उम्र 34 वर्ष, पीयूष पिता मोहन नायक उम्र 18 वर्ष निवासी इंदौर की करंट लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। एक घायल संतोष पिता नारायण पाली को गंभीर अवस्था में रेफर किया गया था। जिसकी एक सप्ताह बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।

# श्री गणेश देवस्थानम के स्वास्थ्य शिविर में 135 मरीजों को मिला लाभ



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर में 135 जरूरतमंद लाभान्वित हुए। श्री द्वारका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी की प्रेरणा से सिद्धपीठ के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार जी पुरोहित की पुण्य स्मृति में उक्त जनहितैषी गणनायक फाउंडेशन ने आयोजित किया।

**जांच में इनका रहा योगदान** - नेत्रालय स्टॉफ के दीपक सराठे (केम्प प्रभारी), उमेश प्रजापति, अफताब खान, झलकन प्रजापति, ऋषभ बैरागी, शुभम पटेल के अलावा गौरव रैकवार, अनुसुइया मेहरा व देवाशीष पुरोहित का विशेष योगदान रहा। शिविर में मोतियांबिन्द के 22, नाखूना के 3 व अक्सूर के 2 मरीज मिले। जिन्हे नेत्रालय द्वारा बस सेवा से झोंतेश्वर अस्पताल ले जाकर उपचार व आपरेशन किया जाएगा। जहां लेंस, चश्मा, भोजन सहित आवागमन निःशुल्क रहेगा। आगुतकों का स्वागत व आभार प्रदर्शन आयोजन के प्रमुख सूत्रधार सुशान्त पुरोहित ने किया।

पूर्व में भगवान गजानन का पावन अभिषेक आचार्य कृष्णकांत उदेनिया, पं विनोद मिश्रा ने किया गया।

## सार-समाचार

### डमरु घाटी की दान पेटी से निकली एक लाख सत्तावन हजार सात सौ रुपए की राशि

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भगवान भोले शंकर मंदिर शिवधाम डमरू घाटी न्यास की दान पेटी खोली गई। श्रद्धालुओं द्वारा दान पेटियो में चिल्लर एवं नोट के रूप में दान दिया गया था। दान पेटियो में कुल दान राशि एके लाख सत्तावन हजार सात सौ रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस मौके पर डमरू घाटी न्यास अध्यक्ष हंसराज मालपानी, सचिव चंद्रकांत शर्मा, सदस्य गोपाल मालपानी, मैनेजर बैनी पटेल, अखिलेश चौरसिया, शिवकुमार पटेल, शशिकांत पटेल, यश राजपूत, सुमित राजपूत, प्रिंस सुमेर, बुद्ध सिंह सहित डमरू घाटी के सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### डॉक्टर शिखर ब्यौहार आर्मी हॉस्पिटल नई दिल्ली में चयनित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** डॉक्टर शिखर ब्यौहार शुभ नगर में निवासरत प्रोफेसर संजीव ब्यौहार एवं कामिनी ब्यौहार के पुत्र हैं बचपन से ही मेधावी रहे डॉक्टर शिखर ब्यौहार का चयन 12वीं पास होने के साथ-साथ प्रथम बार में ही नीट सेलेक्ट हुए इन्होने गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल से एमबीबीएस पास किया । इसके बाद प्रथम बार में ही पीजी नीट सिलेक्ट हुए इन्होंने महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज इंदौर से एमएस जनरल सर्जरी मैं किया। इसके बाद प्रथम बार में ही यह एमसीएच के लिए सिलेक्ट हुए जिसमें इन्हें आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल नई दिल्ली में यूरोलॉजी विभाग में चयन हुआ ( उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजन एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी। यह शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं कार्यरत श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव के भतीजे हैं एवं राजेश श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी के भतीजे हैं।

### कोचर का निधन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पूर्व विधायक स्वर्गीय नगीन कोचर के अनुज कमल कोचर का 58 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज प्रातः स्थानीय श्मशान घाट में किया जाएगा।

# जीतू पटवारी पर फर्जी एफआईआर की कड़ी निंदा की कांग्रेस ने

## बीजेपी की तानाशाही और साजिश का पर्दाफाश




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्ज फर्जी एफ आई आर की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने इसे प्रदेश सरकार की मनमानी और तानाशाही बताया है।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री राजपूत ने कहा कि यह एफ आई आर न केवल बीजेपी की तानाशाही और विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है, बल्कि पीड़ितों की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की उनकी घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है। आपने बताया कि अशोकनगर जिले के मूड़रा बरवाह गांव का है, जहाँ 10 जून 2025 को गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने आरोप लगाया कि स्थानीय सरपंच के पति और उनके साथियों ने उनकी मोटरसाइकिल छीनी, उनके साथ मारपीट की, और अमानवीय रूप से उन्हें मानव मल खाने के लिए मजबूर किया। इस जघन्य अपराध की शिकायत लेकर पीड़ितों ने उसी दिन, 10 जून 2025 को जनसुनवाई कार्यक्रम में अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए समाचार पत्रों ने इस घटना को उजागर किया। आपने बताया कि जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत और मीडिया में चर्चा के 10 दिन बाद, यानी 25 जून 2025 को, पीड़ितों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मे ओरछा में मुलाकात की। यह स्पष्ट करता है कि पीड़ितों ने स्वतः अपनी शिकायत को पहले कलेक्टर और फिर मीडिया के मामने उठाया था, और श्री पटवारी के कहने पर उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाए। एक जिम्मेदार नेता के रूप में श्री पटवारी ने तुरंत अशोकनगर कलेक्टर से फोन पर बात की और इस मामले में 8 दिनों के भीतर कार्रवाई की मांग की। इस बातचीत के दौरान कलेक्टर ने भी पुष्टि की कि पीड़ितों के आरोप उन्हें 10 जून 2025 को जनसुनवाई में प्राप्त हुए थे। श्री पटवारी ने पीड़ितों के बयान और कलेक्टर से बातचीत का वीडियो उसी दिन मोशल मीडिया पर साझा किया, जो वायरल हो गया। इस वीडियो ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की विफलता को उजागर किया। लेकिन विपक्ष के प्रति उनकी घृणा ने इस मामले को एक शर्मनाक मोड दे दिया। 26 जून 2025 को, पीड़ितों ने कलेक्टर को शपथ पत्र सौंपकर अपने बयान में पलट गए और दावा किया कि उन्होंने श्री पटवारी के कहने पर झूठे आरोप लगाए। इसके आधार पर मुंगावली पुलिस ने उसी दिन श्री पटवारी के खिलाफ फर्जी एफ आई आर दर्ज की, जिममें उन पर जातिगत वैमनस्य फैलाने का बेबुनियाद आरोप लगाया गया। यह साफ है कि पीड़ितों को डराया-धमकाया गया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिली शरण तिवारी ने आरोप लगाया कि श्री पटवारी द्वारा 25 जून 2025 को इस मुद्दे को फिर से उठाए जाने पर बीजेपी ने अपनी साजिश को और तेज कर दिया। यह दावा कि श्री पटवारी ने पीड़ितों को उकसाया, पूरी तरह निराधार है, क्योंकि पीड़ितों ने 10 दिन पहले ही अपनी शिकायत कलेक्टर और मीडिया के सामने रख दी थी। कलेक्टर ने भी श्री पटवारी से बातचीत में पीड़ितों के आरोपों की पुष्टि की थी। यह पहली बार नहीं है जब विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और सच्चाई को दबाने के लिए इस तरह की साजिश रची हो।

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि मोहन यादव सरकार की यह करतूत उनकी हताशा और डर को दर्शाती है, क्योंकि श्री जीतू पटवारी लगातार दलितों, किसानों और पीड़ितों की आवाज उठाकर मरकार की नाकामियों को बेनकाब कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मुंगावली पुलिस ने बिना किसी जाँच के, सत्ताधारी दल के इशारे पर 26 जून 2025 को श्री पटवारी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की। क्या पुलिस ने पीड़ितों के शपथ पत्र की सत्यता की जाँच की? क्या उन्होंने यह पता लगाया कि पीड़ितों ने अपनी शिकायत को अचानक क्यों बदला? नहीं! यह पुलिस की निष्पक्षता और ईमानदारी पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। पीड़ितों का बयान बदलना बीजेपी की ताकत और प्रभाव के दुरुपयोग का स्पष्ट प्रमाण है। यह लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश है । कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्ज फर्जी एफ आई आर को तत्काल रद्द किया जाए ।

कांग्रेस नेताओं ने नरसिंहपुर में बढ़ते अपराधों पर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। जिला चिकित्सालय में खुलेआम एक लड़की की हत्या इस बात को प्रमाणित करती है कि जिले की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। उक्त मौके पर नरसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू, चांवरपाठा ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल,चांवरपाठा जनपद अध्यक्ष सोवरन सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता देवेंद्र शुक्ला उपस्थित थे।

### हुसैनी लंगर का हुआ आयोजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मोहर्रम पर्व पर लंगर करना सबील शरबत पिलाना बहुत ही सबाब का काम है इन दिनों नगर में हुसैनी लंगर के आयोजन चल रहे है मोहर्रम की 3 तारीख को हजरत सैयद बाबा की दरगाह के सामने हाजी अजीज सोहागपुर वालो की जानिब से हुसैनी आम लंगर का आयोजन मगरिब की नमाज के बाद किया गया। सैकड़ो लोगों ने अक ीदत के साथ लंगर में शामिल होकर सबाबे दारेन हासिल किया।

# योग मास्टर की पुस्तक योगमय जीवन का विमोचन




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** साधना कुंज पब्लिकेशन, देवास द्वारा प्रकाशित प्रख्यात लेखिका व इंटरनेशनल योग मास्टर सुश्री इंदु सिंह की योग पर आधारित पुस्तक योगमय जीवन का विमोचन समारोह आयोजित किया गया।

साधना कुंज पब्लिकेशन, देवास एक प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान है जो विभिन्न विषयों पर उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकें प्रकाशित करता है। इस प्रकाशन संस्थान का उद्देश्य पाठकों को ज्ञान और साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है।

योगमय जीवन पुस्तक योग के माध्यम से जीवन को सकारात्मक और स्वस्थ बनाने के तरीकों पर केंद्रित है। योग में अनुभवी व प्रशिक्षित सुश्री इंदु सिंह ने अपने अनुभव और ज्ञान को इस पुस्तक में साझा किया है, जो पाठकों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

मुख्य अतिथि जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंहपुर राजयोगिनी बीके कुसुम दीदी , कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जबलपुर की लेखिका निधि नित्या, योग थेरेपी केंद्र भोपाल की संचालिका विनीता राजन, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नरसिंहपुर की सहायक प्राध्यापक नमिता साहू एवं प्रीति कौरव, ग्राम कठौतिया आश्रम की साध्वी गीतांजलि दीदी के आतिथ्य में यह समारोह सम्पन्न हुआ। विमोचन समारोह में काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की सह-संचालिका नमिता जनोरिया व शासकीय माध्यमिक शाला की अध्यापिका आरती सिंह ने भी अतिथियों के संग मंच साझा किया।

पुस्तक को गुलाब की पंखुड़ियों से ढंककर सुसज्जित टोकरी में रखा गया और अतिथियों ने उसे अनावृत कर पुस्तक का अनावरण किया प्लास्टिक रहित इस नवाचार को भी सभी ने पसन्द किया व इसकी सराहना की क्योंकि, पुस्तक विमोचन समारोह में सामान्यतः किताब को प्लास्टिक रैपर में पैक किया जाता है। इस समारोह में समस्त आमंत्रित अतिथियों सहित सुश्री इंदु सिंह ने अपने विचार साझा किए और पाठकों को योग के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित काया परिवार के समस्त सदस्यों, काया जनकल्याण समिति के मेंबर्स, सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने भी पुस्तक के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और सुश्री सिंह को सम्मनित कर बधाई दी। योगमय जीवन पुस्तक अब पाठकों के लिए उपलब्ध है और इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से खरीदा जा सकता है।

## किसानों की समस्याओं को हल करे सरकार

# किसान मजदूर महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के किसानों की मांगों एवं ज्वलंत समस्याओं के निराकरण एवं जिले में लगातार हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर किसान मजदूर महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत एक बर्ष से जो घटनाएं घटित हुई है ओर बेहद बढ़ गई है जिनमें अवैध शराब, गांजा, स्मैक, नारपीट, हत्या, छेड़खानी, दुष्कर्म, चोरी आदि एवं अभी-अभी घटित घटना जिसमें एक परिवार की इकलौती बेटी जो कि अपने परिवार की आर्थिक मदद देतु नर्सिंग कोर्स कर रही थी दिनांक 27.06.2025 के दिन दहाड़े जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में युवक के द्वारा एक 18 वर्षीय युवती की हत्या की गयी है जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे है और जिले में लगातार गंभीर अव्याध हो रहे हैं। जिले में लगातार नाबालिगों के साथ बलात्कार व अन्य अपराध यौन शोषण हो रहे हैं जिससे जिले की छवि खराब हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि अपराधियों को संरक्षण देला और उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं किया जाना परिलक्षित होता है। पूरे जिले में अवैध तरीके से स्मैक, गाजा, शराब का अवैध व्यापार धडल्ले से चल रहा है जिससे युवा पीढी नशे की लत में दिन प्रतिदिन आती जा रही है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश में हो रहे गन्ना उत्पादन का 65 प्रतिशत से अधिक सर्वाधिक उत्पादन नरसिंहपुर जिले में होता है इसलिए किसानों का निवेदन है जिसकी मांग किसान ओर महासंघ कई वर्षों से करते आए है कि जिले में सरकारी शुगर मिल बनाई जाए जिससे जिले के किसानों को प्रोत्साहन, उचित व बाजिव दाम, समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं के साथ जिले में लोगों को रोजगार भी मिल सके । विधानसभा चुनाव के पूर्व गन्ना किसानों को 50 रुपए प्रति कुंटल बोनस देने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक किसानों को बोनस नहीं दिया गया। किसानों के लिए फर्टिलाइजर व कीटनाशक दवाइयां एवं कृषि यंत्रों व उपकरणों को जी एस टी के दायरे से बाहर रखा जाए जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सके और कृषि कार्य में लग रही लागते कम हो सके।

जिले में आवारा मवेशियों और सर्वाधिक जंगली सूअरों के द्वारा किसानों की फसलों को लंबे समय से चौपट (नष्ट) किया जा रहा है। जिसकी शिकायत भी लगातार किसान ओर महासंघ करते आ रहे हैं, पर उनको नियंत्रण करने के लिए अभी तक कोई उचित कदम शासन प्रशासन द्वारा नहीं उठाया गया है। जिससे किसानों को हर फसल में भारी आर्थिक, क्षति उठाना पड़ती है। कृपया इन्हें नियंत्रित करने उचित कार्यवाही और व्यवस्था या नीति बनाई जाए जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सके।साथ ही किसानों को कृषि कार्य हेतु खेतों में 1 दिन में 6-6 घंटे की शिफ्ट में 10 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्षेत्र को इकाई ना मानकर खेत को इकाई माना जाए, क्योंकि जब किसान की फसल खराब होती है तब उसको फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि इंश्योरेंस कंपनियां हमें जब मुआवजा देती हैं जब हमारे पूरे क्षेत्र की फसलें खराब हो किंतु जब किसी गांव या किसी एक किसान की फसल खराब हो ओर उसका बीमा भी हो तब भी उसे फसल बीमा का मुआवजा नहीं दिया जाता है।मध्यप्रदेश में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 2+50 प्रतिशत के फार्मूले को लागू किया जाए।मध्य प्रदेश में मंडी चुनाव शीघ्र कराए जाएं।

ज्ञापन देते समय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेल, संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी, जिला प्रवक्ता राकेश कुमार, ठाकुर खूब सिंह, सतीश पटेल, मयंक राय, कमलेश पटेल, ठाकुर सिंह पटेल, अभिषेक राय, नरेश कुमार लोधी, अमित पटेल, रामेश्वर पटेल, कुंदन पटेल, खीरसागर यादव, आनंद ओकास, सुनील लोधी, सत्यम पटेल, बाबूलाल पटेल, गोविंद लोधी, अभी ठाकुर, इंदर पटेल, अखिलेश पटेल, हरि साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए